आकाशवाणी चंडीगढ़

12 जून 2025, समय 1810

मुख्य समाचार :-

- एयर इंडिया का लंदन जाने वाला यात्री विमान आज गुजरात के अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास मेघानी नगर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ ।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शहरी स्वामित्व योजना के पात्र परिवारों को जमीन के मालिकाना हक रजिस्टरियाँ वितरित की।
- केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान ने वैज्ञानिक अनुसंधान और जमीनी स्तर की खेती के बीच अंतर को समाप्त किया है |
- हरियाणा के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा विभिन्न जिलों में मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया |
- हरियाणा चंडीगढ़ और पंजाब में गर्मी का प्रकोप जारी लोगों को पर्याप्त पानी लेने और लू से बचने की सलाह दी गई |

*************************************************************

एयर इंडिया का लंदन जाने वाला यात्री विमान आज गुजरात के अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास मेघानी नगर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उड़ान संख्या एआई-171 का यह विमान अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भर रहा था। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के अनुसार विमान में दो सौ बयालीस लोग सवार थे, जिनमें 2 पायलट और 10 केबिन क्रू शामिल थे। अधिक जानकारी के लिए एयर इंडिया ने एक यात्री हॉटलाइन नंबर 1800 5691 444 जारी किया गया है।

*************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज शहरी स्वामित्व योजना के पात्र परिवारों को उनके कब्जे वाली भूखंडों की रजिस्टरियाँ वितरित की। पंचकूला में आयोजित रजिस्ट्री वितरण समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा के विभिन्न जिलों से आए लोगों के जमीन के मालिकाना हक के कागजात प्रदान किए। हमारी संवाददाता ने बताया है कि आज 21 ज़िलों के 250 लोगो को रजिस्ट्रियां वितरित कर जमीन का मालिकाना हक दिया गया।

*************************************************************

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित कृषि संकल्प अभियान ने वैज्ञानिक अनुसंधान और जमीनी स्तर पर खेती के बीच के अंतर को सफलतापूर्वक समाप्त कर दिया है।इस अभियान के समापन के अवसर पर गुजरात के बारडोली में किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने भारत के कृषि पुनर्जागरण के लिए केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी रोडमैप को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के बारे में बताते हुए श्री चौहान ने व्यापक विकसित भारत पहल के अंतर्गत विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जमीनी स्तर की खेती के तरीकों को बदलने और वैज्ञानिक अनुसंधान के एकीकरण पर जोर दिया।

*कृषि वैज्ञानिक किसान राज्य और केन्द्र सरकार मिलके काम करेगी। एक राष्ट्र एक कृषि और एक टीम की भावना से यह वैज्ञानिकों पर कृषि विभाग किसानों के साथ लगातार खड़ा रहेगा संपर्क करेगा और खेती के दिशा को और बदलने की कोशिश करेगा। ताकि हम देश के अन्न भंडार भी भर सकें और प्रधानमत्री जी जो कहते हैं कि दुनिया का फूड बास्केट अगर कल कोई बनेगा तो भारत बनेगा हम अपनी जनता का भी पेट भरेंगे और दुनिया का पेट भरने का काम भी भारत करेगा।*

*************************************************************

भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक तक उल्लेखनीय परिवर्तन किया है।

आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष श्रृंखला लेकर आया है। आज, हम डिजिटल इंडिया पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं - कैसे प्रौद्योगिकी शासन, समावेशन और सशक्तिकरण की महत्वपूर्ण कडी बन गई है।

*पिछले दशक में सरकार ने समावेश विकास और जीवन को आसान बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का सशक्त माध्यम के रूप में उपयोग किया है। डिजिटल भुगतान को व्यापक रूप से अपनाना एक उल्लेखनीय सफलता रही है। इस साल अप्रैल में ही लगभग 25 लाख करोड़ रुपये के 1867 करोड़ से अधिक यूपीआई लेनदेन दर्ज किए गए। संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस और मॉरीशस सहित सात देशों में, यूपीआई भारत का डिजिटल भुगतान में एक वैश्विक अग्रणी के रूप में स्थापित कर रहा है। भारत के डिजिटल परिवर्तनकारी युग में डेटा लागत में 96 प्रतिशत की कटौती के साथ ही 99 दशमलव छह प्रतिशत जिलों में 5जी सेवा की शुरूआत की गई है। इसके अलावा, भारतनेट योजना के तहत अब 2 लाख 18 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में ब्रॉडबैंड की सुविधा उपलब्ध है। पिछले 11 वर्षों में भारत के इंटरनेट उपयोगकर्ता आधार में 285 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वही, भाषिनी जैसी पहल भाषाई विभाजन को पाट रही है, जिससे 22 भारतीय भाषाओं में एआई-संचालित अनुवाद किये जा रहे हैं। आधार प्रामाणीकरण द्वारा संचालित प्रणाली ने लाखों फर्जी लाभार्थियों को हटाया है, पारदर्शिता सुनिश्चित की है, सार्वजनिक धन की बचत की है और समय पर कल्याणकारी योजनाओं का वितरण किया है। प्रौद्योगिकी न केवल भारत को जोड़ रही है बल्कि भारत में भुगतान करने और लाभ उठाने के तरीके को भी बदल रही है। विष्णु की रिपोर्ट के साथ सामाचार कक्ष से कनक लता।*

*************************************************************

हरियाणा के सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा आज विभिन्न जिलों में मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सरकार की उपलब्धियों को दर्शाती प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया। हिसार में जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने किया।इस अवसर पर श्री गंगवा ने कहा कि यह प्रदर्शनी इस अमृत काल में सुशासन व गरीब कल्याण को समर्पित है।कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ग्यारह साल का कार्यकाल बहुत ही ऐतिहासिक रहा है।

**************************************************************

केंद्र की मोदी सरकार का 11 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अमृत काल के दौरान सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण को समर्पित सरकार के काम पर रेवाड़ी में एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।हरियाणा के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग हरियाणा द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी में मोदी सरकार की जनसेवा को समर्पित योजनाओं व नीतियों की जानकारी प्रदर्शित की गई। इस तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्व मंत्री बिशम्बर बाल्मीकि द्वारा किया गया। इस अवसर पर बावल से विधायक डा. कृष्ण कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष डा.वंदना पोपली व पूर्व मंत्री डॉ. बनवारी लाल भी मौजूद रहे।प्रदर्शनी के उद्घाटन उपरांत पत्रकारों से बातचीत में पूर्व मंत्री बिशम्बर वाल्मीकि ने सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण को समर्पित हो केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विस्तार से साझा की।

**************************************************************

हरियाणा,चंडीगढ़ व पंजाब में पिछले 3 दिन से भीषण गर्मी पड़ रही है। हरियाणा के राजस्थान से लगते जिलों में भी भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। ट्राईसिटी में भी तापमान 44 डिग्री तक दर्ज किया गया।मौसम विभाग के निदेशक सुरिन्दर कुमार ने बताया -

उन्होंने कहा कि लोगों को पर्याप्त पानी लेने और गर्मी से बचने की जरूरत है।

*************************************************************